एल. सी. त्रिवेदी
महाप्रबंधक
L. C. Trivedi
General Manager

पूर्व मध्य रेल
हाजीपुर –844101
East Central Railway
Hajipur – 844101

Phone: + 91-6224-274728, Fax – 271513, 274738
E-mail: gm@ecr.railnet.gov.in

संख्याः ईसीआर / एडीएम / पीजी / एमपीएमएलए / 09 / 2021 दि0:– 22.01.2021

माननीय श्री नीतीश मिश्रा जी,

विषयः– समस्तीपुर रेल मंडल के अन्तर्गत झंझारपुर रेलखंड की बेहतर स्थिति एवं समस्याओ के संबंध में।

संदर्भः– आपका पत्रांक– 12/2021 दि0 06.01.2021

*****

उपरोक्त विषयांतर्गत आपका पत्र प्राप्त हुआ है। पत्र में वर्णित बिन्दुओं की जांच नियमानुसार की जायेगी ।

सादर प्रेषित ।

भवदीय

Signed by Lalit Chandra Trivedi
Date: 25-01-2021 17:49:50
Reason: Approved
(एल. सी. त्रिवेदी)

श्री नीतीश मिश्रा
माननीय सदस्य, बिहार विधान सभा
112, कौटिल्य नगर
पटना– 800014

**नीतीश मिश्रा**
**पूर्व मंत्री**
बिहार सरकार

**सदस्य**
**बिहार विधान सभा**

Ref: 12/2021
Dt- 06-01-2021

महाप्रबंधक,
पूर्व मध्य रेल,
हाजीपुर।

**विषयः– समस्तीपुर रेल मंडल के अन्तर्गत, झंझारपुर रेलखंड की बेहतर स्थिति एवं कुछ समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट करने के संबंध में।**

महाशय,

मौजूदा हालात में मिथिला की धरती पर रेल मंत्रालय द्वारा किये जा रहे लगातार कार्यों की सराहना हम मिथिलावासी कर रहें है। सकरी–निर्मली रेलखंड में सकरी से झंझारपुर तक बड़ी रेल लाइन में अमान परिवर्तन कर रेल परिचालन का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए धन्यवाद के पात्र हैं। पूर्व रेलमंत्री स्व0 ललित बाबू के सपनों को साकार करने के लिए रेलवे की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। बेहतर रेल सेवा के लिए निम्नलिखित सुझाव पर ध्यान देने की आवश्यक्ता हैं, जो जनहित में सर्वोपरि हैः–

1. दरभंगा–झंझारपुर के बीच फिलहाल एक जोड़ी डेमू सवारी गाड़ी (गाड़ी संख्या 05579 एवं 05580) का परिचालन किया जा रहा है, जो कि सराहनीय हैं लेकिन जनाकांक्षाओं को देखते हुए इसकी संख्या एवं उनकी फेरे बढ़ाने की आवश्यक्ता है।
2. झंझारपुर से तमुरिया तक अमान परिवर्तन होने के पश्चात उक्त डेमू सवारी गाड़ी का परिचालन तमुरिया तक बढ़ाया जा सकता है।
3. झंझारपुर– लौकहा रेलखंड में बड़ी लाईन में अमान परिवर्तन जारी रहनें से आवागमन बाधित है, इसे प्राथमिक्ता देते हुए जल्द कार्य पूरा कर रेल परिचालन कराना जनहित में आवश्यक हैं।
4. यह रेलखंड अमान परिवर्तन के बाद पूरी तरह राज्य एवं देश के प्रमुख स्टेशनों से जुड़ गया है, जहाँ आवागमन हेतु एक्सप्रेस आदि ट्रेने चलायी जा सकती है। ज्ञात है कि पिछले दिनों माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा कोशी रेल महासेतु का लोकार्पण भी किया जा चुका है।

अतएव अनुरोध है कि मिथिलावासियों की जनाकाक्षांओं को देखते हुए उपरोक्त सुझावों पर समुचित कार्रवाई करना चाहेंगे।

**नव वर्ष की मंगलकामनाओं के साथ!**

भवदीय

Nitish Mishra

(नीतीश मिश्रा) 6.1.2021

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com